प्रारम्भिक वक्तव्य

पंचम झारखण्ड विधानसभा के पंचम बजट सत्र में आप सबों का हार्दिक अभिनन्दन। इस सत्र में माननीय राज्यपाल महोदया अपने संवैधानिक दायित्वों को पूरा करने के निमित्त आपको सम्बोधित करेंगी। सदियों से स्थापित संसदीय परम्परा के अनुसार सभा में माननीय राज्यपाल के अभिभाषण को अत्यंत गरिमा एवं प्रतिष्ठा का अवसर माना जाता है। इस अवसर की पवित्रता को देखते हुए सभा के माननीय सदस्यों से अनुशासन एवं शालीनता के सिद्धान्तों का अनुपालन करते हुए सभा में व्यवस्था बनाये रखने की अपेक्षा की जाती है।

माननीय सदस्यगण, आप सबों को स्मरण होगा कि पिछले बजट सत्र के दौरान ही कोरोना महामारी के कारण पूरे देश में लॉक-डाउन लागू हो गया, जिसके कारण आपसबों को जनहित के मुद्दे उठाने हेतु समुचित अवसर नहीं हो पाये हैं। विधानसभा की इस बजट सत्र में कुल 16 बैठकें निर्धारित हैं जिसमें सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2020-21 के अनुपूरक बजट तथा वित्तीय वर्ष 2021-21 के बजट का उपस्थापन किया जायेगा। आप सबों को उपस्थापित होने वाले बजट की अनुदान मांगों पर कटौती प्रस्ताव के माध्यम से सरकार की योजनाओं की समीक्षा करने का अवसर प्राप्त होगा। माननीय राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के समय भी सार्थक बहस के अवसर प्राप्त होंगे।

बजट प्रस्तावों, अनुदानों की मांगों और कटौती प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सदस्यों के जो उपयोगी और सार्थक सुझाव आते हैं, उन्हें आने वाले वित्तीय वर्षों के बजट या चालू वित्तीय वर्ष के ही अनुपूरक बजटों में समाहित किया जा सकता है। आज के अवसर पर मैं माननीय सदस्यों से

अपील करूँगा कि जनहित के वैसे मुद्दों को सदन पटल पर अवश्य रखें जिनको पूरा करने के लिए वित्तीय आवंटन की आवश्यकता है।

इसी क्रम में दिनांक 5 फरवरी, 2021 को श्री हफिजुल हसन जी जो इस सरकार में नये मंत्री के रूप में शामिल हुए हैं, विधानसभा के इस सत्र में हम उनका स्वागत करते हैं।

माननीय राज्यपाल महोदया से निम्नांकित आशय का संदेश मुझे प्राप्त हुआ है। यद्यपि इस संदेश को पूर्व में ही आपको प्रेषित किया जा चुका है तथापि मैं इसे आपको पढ़कर सुना देता हूँ।

संदेश

"भारत के संविधान के अनुच्छेद-176 के खण्ड (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं द्रौपदी मुर्मू, झारखण्ड की राज्यपाल, एतद् द्वारा झारखण्ड विधानसभा को दिनांक - 26 फरवरी, 2021 को 11.30 बजे पूर्वा0 में संबोधित करना चाहती हूँ और इस हेतु झारखण्ड विधानसभा के सभा वेश्म, राँची में सदस्यों की उपस्थिति चाहती हूँ" ।

राँची, दिनांक-05 फरवरी, 2021

ह0/-

द्रौपदी मुर्मू

झारखण्ड के राज्यपाल।

मैं आप सभी से अनुरोध करना चाहता हूँ कि जब माननीय राज्यपाल महोदया सदन में उपस्थित हों तो आप सभी अपनी सीट पर विराजमान रहकर अभिभाषण को शालीनता से सुनेंगे तथा पूरे अभिभाषण के दौरान

सदन में व्यवस्था बनाये रखेंगे। कोई सदस्य इस दौरान न तो सभा से बाहर जायेंगे और न ही अन्दर प्रवेश करेंगे।

अब मैं माननीय राज्यपाल महोदया की अगवानी के लिए थोड़ी देर के लिए सदन से बाहर जा रहा हूँ। मेरी अनुपस्थिति में उनकी अगवानी से आगमन तथा अभिभाषण के बाद उनकी विदाई के लिए मेरे सदन से बाहर रहने की अवधि में भी आप सदन में अपने स्थान पर बैठे रहकर व्यवस्था बनाये रखने की असीम कृपा करेंगे।